दिनांक—16.10.2024
समय—7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के तीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उत्कृष्टता केंद्र, तकनीक, नवाचार और एआई में अग्रणी बनने के प्रयास में हैं अहम कदम।
- विजयपुर और बुदनी विधानसभा क्षेत्र में मतदान 13 नवम्बर को, वोटों की गिनती 23 नवम्बर को होगी।
- प्रदेश में मानसून ने अपना सफर किया पूरा, इस बार 18 फीसदी ज्यादा हुई बारिश।
- आज से बेंगलुरु में खेला जाएगा भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच।

प्रधानमंत्री— एआई उत्कृष्टता केंद्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उत्कृष्टता केंद्र, तकनीक, नवाचार और एआई में अग्रणी बनने के भारत के प्रयास में बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि ये उत्कृष्टता केंद्र देश की युवा शक्ति को लाभान्वित करेंगे और भारत को भविष्य के विकास का केंद्र बनाने में योगदान देंगे।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल तीन एआई उत्कृष्टता केंद्रों का अनावरण किया। स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र का नेतृत्व आईआईटी और एम्स दिल्ली करेंगे। कृषि में उत्कृष्टता केंद्र का नेतृत्व आईआईटी रोपड़ करेगा और स्थायी शहरों में उत्कृष्टता केंद्र का नेतृत्व आईआईटी कानपुर करेगा।

विधानसभा उप चुनाव

भारत निर्वाचन आयोग ने श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा और सीहोर जिले की बुदनी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए कल तारीख की घोषणा कर दी है। उप चुनाव के लिए 18 अक्टूबर से नामांकन पत्र भरें जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। जबकि 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र तक वापस लिये जा सकेंगे। मतदान 13 नवम्बर को और वोटों की गिनती 23 नवम्बर को होगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया है कि उप चुनाव के तारीखों की घोषणा के साथ ही श्योपुर और सीहोर जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

शाह—आईपीएस प्रोबेशनर्स

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अब समय आ गया है कि पुलिस व्यवस्था देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आए। श्री शाह कल नई दिल्ली में भारतीय पुलिस सेवा के 2023 बैच के 76 परिवीक्षाधीन अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। गृह मंत्री ने कहा कि वर्तमान में अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम से देश के 99 फीसदी पुलिस स्टेशन ऑनलाइन हो गए हैं। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों में न्यायिक प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया गया है और पांच साल में देश के हर थाने में नए कानून पूरी तरह लागू हो जाएंगे, इसमें तकनीक सुविधाएं, सॉफ्टवेयर का विकास और प्रशिक्षण शामिल है।

दतिया रेलवे स्टेशन

अमृत भारत योजना के तहत दतिया रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। यहाँ दोनों प्लेट फार्म के बीच 40 फुट चौडे पुल, दुकानों और स्टेशन के दोनों और विशाल प्रवेश द्वार सहित विभिन्न विकास कार्य किये जा रहे हैं. और जानकारी दे रहे हैं दतिया से हमारे संवाददाता मनोज कुमार गोस्वामीः ..........

मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव

मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कल से किया जा रहा है। यह दो दिवसीय खनन सम्मेलन उद्योगपतियों और शिक्षाविदों के दृष्टिकोण पर केन्द्रित होगी। इसमें तकनीकी सत्र भी होंगे, जिसमें डिजिटलाइजेशन और खनन प्रौद्योगिकी में प्रगति, विशेष रूप से ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर चर्चा होगी। प्रतिभागियों को खनन स्टार्ट–अप्स द्वारा आगामी तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। कॉन्क्लेव के विभिन्न सत्रों में कोयला और ऊर्जा, अन्वेषण में प्रगति, चूना पत्थर और सीमेंट, महत्वपूर्ण खनिजों के अवसर, खनिज संवर्धन और ऊर्जा तथा हाइड्रो–कार्बन क्षेत्रों में नयी संभावनाओं को समझाने का अवसर मिलेगा। कॉन्क्लेव के दूसरे दिन खनिज आधारित उद्योगों कोयला, ऊर्जा और हाइड्रो–कॉर्बन पर केन्द्रित राउण्ड टेबल बैठक होगी।

पेपरलैस मतदान

म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस मतदान प्रक्रिया की ओर बढ़ाए जा रहे क़दमों में एक ओर पड़ाव जुड़ गया है। रीवा जिले के त्यौंथर तहसील की ग्राम पंचायत अतरैला–11 में सरपंच पद के लिये चुनाव में कल सभी तीनों मतदान केन्द्रों पर पेपरलेस प्रक्रिया से पोलिंग बूथ मेनेजमेन्ट सिस्टम को अपनाया गया। यह प्रयोग देश में पहली बार मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा किया जा रहा है।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया में मतदाताओं की पहचान और उनके द्वारा मत देने के रिकार्ड के रूप में हस्ताक्षर और अंगूठा लगाने को इलेक्टॉनिकली किया गया। इस प्रक्रिया में मतदान का प्रतिशत और मत–पत्र लेखा ऑनलाइन किया गया है। मतदान समाप्ति के बाद अभ्यर्थियों एवं मतदान अभिकर्ताओं को मत–पत्र लेखा भी उनके ई–मेल आईडी पर दी जायेगी।

शरद पूर्णिमा

आज शरद पूर्णिमा है। इसे कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा भी कहते हैं। यह चंद्र प्रधान व्रत है, जिसमें पूर्णिमा की रात को चंद्रमा की पूजा का विशेष महत्व है। ज्योतिष के अनुसार, पूरे वर्ष में केवल इसी दिन चन्द्रमाँ सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। एक मान्यता यह भी है कि इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी धरती पर आती हैं।

मौसम

प्रदेश में मानसून ने अपना सफर पूरा कर लिया है और मौसम विभाग ने भी मानसून की विदाई की घोषणा कर दी है। पिछली बार प्रदेश के आधे से ज्यादा जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई लेकिन इस बार 44 जिलों में कोटे से ज्यादा बारिश हुई है। प्रदेश के 282 में से 200 से ज्यादा बाँध करीब 100 फीसदी भर चुके हैं। इस बार इंदौर समेत 5 जिलों में सामान्य बारिश हुई जबकि रीवा में सबसे कम बारिश हुई। श्योपुर–भिंड में सामान्य से दोगुनी बारिश हो गई। प्रदेश में कुल मिलाकर 44 दशमलव 1 इंच बारिश हुई जो 18 प्रतिशत अधिक है।

भारत–न्यूजीलैंड पहला टेस्ट

भारत आज बेंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगा। ये मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे शुरू होगा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम घरेलू मैदान पर लगातार 19वीं सीरीज जीतने का प्रयास करेगी।

दूसरा टेस्ट 24 से 28 अक्टूबर तक पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि तीसरा और अंतिम टेस्ट 1 से 5 नवंबर तक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा।

जेपीसी–वक्फ

संसद की संयुक्त समिति–जेपीसी की कल नई दिल्ली में एक बैठक हुई जिसमें वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पर चर्चा की गई। लोकसभा सदस्य जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विधेयक के संबंध में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के प्रतिनिधियों से मौखिक साक्ष्य लिया गया। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की कार्य प्रणालियों की कमियों को दूर करना और वक्फ संपत्तियों के प्रशासन तथा प्रबंधन की दक्षता में वृद्धि करना है। संयुक्त संसदीय समिति इस विधेयक की जांच कर संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर इटारसी में आयोजित स्व. सरताज सिंह स्मृति प्रसंग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी भी उपस्थित थे।
- मंडला में आज 21 ग्राम पंचायतों में आरोग्यम मण्डला जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आमजन को ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जाएगा।
- इंदौर के शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय आयुष विभाग द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता एवं शीघ्र निदान निःशुल्क शिविर लगाया गया है। शिविर के प्रथम दिवस 152 महिलाओं का परीक्षण किया गया।
- रायसेन में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले में संचालित विभिन्न फैक्ट्रियों तथा कारखानों के निरीक्षण हेतु जांच दल गठित कर सतत् निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं।
- डिण्डौरी में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र और स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में ग्रामीण महिला किसानों ने हिस्सा लिया।
- खंडवा में संत सिंगाजी की समाधि स्थल पर मेला चल रहा है। शरद पूर्णिमा एक दिन पहले कल 70 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किये और निशान चढ़ाए। मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह आज आकर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।
- छतरपुर में जिला स्तरीय जनसुनवाई में 85 आवेदनों के निराकरण के लिए दिशा निर्देश दिए गए।
- श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सामान्य दर्शनार्थियों मंदिर में प्रवेश का रास्ता बदल दिया है। अब गेट नंबर एक से केवल 250 रुपए की टिकट वालों को ही अंदर आने की अनुमति रहेगी।
- जबलपुर के पास भेड़ाघाट में दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव का कल शुभारंभ हुआ। सुर–ताल और रास–रंग से सजी नर्मदा महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण श्रीमती मालिनी अवस्थी का गायन रहा। नर्मदा महोत्सव के आयोजन का यह इक्कीसवाँ वर्ष है।